# उद्योगों को एनओसी में आसानी, अफसरों का समय पर तबादला

## वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अमर उजाला से बातचीत में बताई कार्ययोजना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि उद्योगों को प्राथमिकता के साथ अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया जाएगा। तय समय पर स्थानांतरण नीति के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले होंगे। पौधरोपण का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था भी की जाएगी। ये बातें वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अमर उजाला से खास बातचीत में कहीं।

डॉ. सक्सेना ने कहा कि मानसून सीजन में वन विभाग को 35 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर समेत जिन जिलों में वनावरण घटा है, वहां इसके कारणों की पड़ताल होगी।

वन मंत्री ने कहा कि विभाग में हर स्तर के ट्रांसफर निर्धारित समय के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे। इसमें जो भी ट्रांसफर नीति होगी, उसका पूर्णतया पालन होगा। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दो दिन शनिवार व रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बरेली में रहेंगे। शेष पांच दिन विभाग के कामकाज के लिए देंगे।

### गड़बड़ी करने वाले नहीं बख्शे जाएंगे

वन मंत्री से जब पूछा गया कि पिछले वर्षों में विभाग में जेसीबी के बजाय स्कूटर और



मोपेड से गड्ढे खोदने जैसे कारनामे सामने आए हैं, लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर वन मंत्री ने कहा कि इस मामले को दिखवाएंगे, किसी भी दोषी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सोनभद्र में एक लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर अवैध कब्जों और वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने के मामले पर कहा कि इस बारे में जानकारी लेकर उचित कार्रवाई होगी।